पंजाब केसरी 09/02/2025

पूल कैंपस ड्राइव शिक्षित युवा वर्ग के उज्ज्वल भविष्य निर्माण का सुनहरा मौका : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 8 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि उनके कॉलेज द्वारा आगामी 11 फरवरी को सुबह 9 बजे से मैनेजमैंट एवं टैक्नोलॉजी ब्लॉक में बहुत बड़े स्तर पर पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह पूल कैंपस ड्राइव शिक्षित युवा वर्ग के उज्ज्वल भविष्य निर्माण का सुनहरा मौका है।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

डा. रोहित दत्त ने बताया कि इस ड्राइव का उद्देश्य अम्बाला के शिक्षित युवा वर्ग को रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करना है। आज के इस प्रतिस्पर्धा भरे युग में युवा को अपने लक्ष्य निर्धारण एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए सही मार्गदर्शन नितांत आवश्यक है। इस प्रकार की पूल ड्राइव से छात्रों को सही अवसर मिलते हैं।

पूल ड्राइव में शामिल होने से छात्रों को बाहरी दुनिया में होने वाली प्रतिस्पर्धा का पता चलता है। इस ड्राइव में जानी-मानी कंपनिय्रां आ रही हैं। न केवल गांधी नैशनल मैमोरियल कॉलेज के विद्यार्थी, बल्कि किसी भी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से 2024-25 और 2023-24 सत्र के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास विद्यार्थी इस पूल ड्राइव में नि:शुल्क भाग ले सकते हैं।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज की सी.आर.सी. यूनिट के सभी सदस्य पूरे उत्साह के साथ कार्यरत हैं।